**SHRI R.K. GUPTA**
**PRESIDENT**
**Mobile No: 9891008503**

सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/01 दिनांक : 30–11–2016

# ''अपमा की 48वीं वार्षिक साधारण सभा सफलता के साथ सम्पन्न''

प्रिय माननीय सदस्यों,

अपमा की 48वीं वार्षिक साधारण सभा प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी की अध्यक्षता में 3.00 बजे अपमा कार्यालय में आयोजित हुई। प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी ने कोरम पूरा न होने के कारण संविधान की धारा 35(II) के अन्तर्गत सभा को आधे घन्टे के लिए स्थगित कर दिया गया तथा ठीक साढ़े तीन बजे सभा पुनः प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी ने आए हुए पूर्व प्रधानों, चुनाव आयुक्त एवं कार्यकारिणी सदस्यों, अपमा सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया और प्रार्थना की, कि सभा की कार्यवाही अनुशासित ढंग से चलाई जाए। इसके बाद प्रधान जी ने अनुरोध किया कि पिछली वार्षिक साधारण सभा एवं इस वार्षिक साधारण सभा के अन्तराल में जो हमारे प्रिय सदस्य या उनके सगे संबंधी, बड़े बुर्जुग हमसे बिछुड़ गए, उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रदांजलि दी जाए। इस पर सदन में उपस्थित सभी सभासदों ने दो मिनट का मौन धारण किया। तत्पश्चात् प्रधान जी ने महासचिव श्री आर.के. गुप्ता जी से अनुरोध किया कि वे सभा की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करें। महासचिव श्री आर.के. गुप्ता जी ने प्रधान जी को धन्यवाद व्यक्त कर सदन में उपस्थित सभी पूर्व प्रधानों, चुनाव आयुक्त एवं कार्यकारिणी सदस्यों, अपमा सदस्यों एवं अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सभा की कार्यवाही एजेण्डा के अनुसार प्रारम्भ की।

47वीं वार्षिक साधारण सभा की रपट हेतु अपमा सदस्य श्री राजेन्दर छाबड़ा जी ने अपना अनुमोदन सदन में रखा तथा अपमा सदस्य श्री अशोक मदान जी ने अपना समर्थन किया। इसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से अपमा की 47वीं वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही विवरण(Minutes) को पास किया गया। इसके उपरान्त अपमा के वर्ष 2015–2016 के आय–व्यय विवरण को सभा पटल पर प्रस्तुत किया गया। इस पर अपमा सदस्य श्री धरमपाल रात्रा जी ने सत्र 2015–2016 के आय–व्यय का लेखा–जोखा हेतु अपना अनुमोदन सदन में रखा तथा अपमा सदस्य श्री जीवन घई जी ने अपना समर्थन किया, इसके बाद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से आय–व्यय को पारित कर दिया। तद्नुपरान्त अपमा के पिछले वर्ष की गतिविधियों का विवरण महासचिव के प्रतिवेदन के माध्यम से लिखित रूप में सभा पटल पर रखा गया। इस पर अपमा सदस्य श्री राकेश अरोड़ा जी ने अपना अनुमोदन सदन में रखा तथा अपमा सदस्य श्री कैलाश चन्द्र जी ने अपना समर्थन किया, इसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से महासचिव का प्रतिवेदन पास कर दिया। तत्पश्चात् वर्ष 2016–2017 के लिए अपमा के खातों को ऑडिट करने हेतु अपमा सदस्य श्री राकेश कुमार जी ने अपना अनुमोदन सदन में रखा तथा अपमा सदस्य श्री चमन मित्तल जी ने अपना समर्थन किया, इसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से अपमा के खातों को ऑडिट हेतु मै0 जिन्दल एण्ड कम्पनी को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

इस सभा का मुख्य उद्देश्य अपमा चुनाव 2016–2018 के चुनाव परिणामों की विधिवत् घोषणा तथा उनको पदभार सौंपना था। इसके बाद चुनाव आयुक्त श्री नरेन्द्र मदान जी ने नवनिर्वाचित प्रधान एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को पद की शपथ दिलवायी। तथा नवनिर्वाचित प्रधान जी एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का पूर्व प्रधानों ने फूलमाला डालकर तथा उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

| क्र0सं | नाम | पद | फर्म |
|---|---|---|---|
| 01. | श्री आर.के. गुप्ता | प्रधान | मै0 आर.के. ऑटो गेस्केट इण्डस्ट्रीज |
| 02. | श्री जितेन्द्र बजाज(रिनको) | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 बजाज ऑटो एण्ड ट्रैक्टर |
| 03. | श्री राकेश अरोड़ा | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 बाठला मोटर्स |
| 04. | श्री विष्णु भार्गव | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 भार्गव मोटर्स |
| 05. | श्री आसिफ अली | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 कार इन्टरनेशनल |

कृ0प0उ0..........2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06. | श्री राजेन्दर छाबड़ा | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 छाबड़ा ऑटो स्पेयर्स |
| 07. | श्री सुरेन्दर कुमार | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 डी.पी. एण्ड कम्पनी |
| 08. | श्री अशोक मदान | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 गौरव इन्टरप्राईजिज |
| 09. | श्री जीवन घई | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 घई बैयरिंग कम्पनी |
| 10. | श्री सुभाष चन्दर बजाज | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 इम्पीरियल मोटर्स |
| 11. | श्री कैलाश चन्द्र(जैडी) | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 जगदम्बा ऑटो इण्डस्ट्रीज |
| 12. | श्री सुरेन्द्र जैन(जैनको) | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 जैन डीजल मोटर कम्पनी |
| 13. | श्री रविन्दर सिंह कोहली(सुरजीत) | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 जनता रबड़ वर्क्स |
| 14. | श्री पूरन चन्द गुप्ता | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 मनोज मोटर्स |
| 15. | श्री चमन मित्तल | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 मित्तल मोटर्स |
| 16. | श्री विनय नारंग | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 नारंग मोटर्स |
| 17. | श्री नवीन सचदेवा | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 नवीन ऑटो इण्डस्ट्रीज |
| 18. | श्री ए.एस. नैय्यर | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 नैयय्र ऑटो इण्डस्ट्रीज |
| 19. | श्री उमेश सेठ | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 रॉनस ग्लोबल |
| 20. | श्री विकास खुराना | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 संदीप रबड़ इण्डस्ट्रीज |
| 21. | श्री धरम पाल रात्रा | कार्यकारिणी सदस्य | मै0 यू.टी.आई. इण्डस्ट्रीज |

इसके बाद चुनाव आयुक्त श्री नरेन्द्र मदान जी ने कहा कि चुनाव की पालना करते वक्त मुझे सभी पूर्व प्रधानों, पूर्व चुनाव आयुक्तों, समस्त कार्यकारिणी सदस्यों, चुनाव टीम एवं अपमा सदस्यों का भरपूर सहयोग एवं स्नेह मिला जिसके कारण चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सकें, इसके लिए मैं दिल की गहराईयों से आप सभी का आभार एवं धन्यवाद करता हूॅ। चुनाव प्रक्रिया में अपमा स्टॉफ का विशेष तौर से आभार व्यक्त करता हूॅ कि जिन्होंने अपनी पूरी लगन एवं मेहनत से आप सभी को समय पर सरकूलर पहुॅचाये। इस पर सदन में उपस्थित सदस्यों ने पूर्व प्रधानों, पूर्व चुनाव आयुक्तों, समस्त कार्यकारिणी सदस्यों, अपमा सदस्यों, चुनाव टीम एवं अपमा स्टॉफ का करतल ध्वनि के साथ के साथ धन्यवाद किया।

आशीर्वाद स्वरूप बोलते हुए पूर्व प्रधान श्री विराट सौंधी जी ने आज के हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि आज व्यापार करना मुश्किल होता जा रहा है इस पर हमें काफी कार्य करना पड़ेंगा। पूर्व प्रधान श्री चन्द्र ओबराय जी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के आर्थिक हालात को देखते हुए आने वाले दिनों में जीएसटी लगाने की प्रतिक्रिया के कारण आने वाला समय बहुत ही विचारणीय है व प्रत्येक व्यक्ति का अपना अधिक से अधिक योगदान देना चाहिए व उसी को ही पद लेना चाहिए जो अधिक से अधिक समय देकर अपना पूर्ण योगदान संस्था को दे सकें।

अन्त में प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी ने अपने धन्यवाद भाषण में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने सभा में भाग लकर 48वीं वार्षिक साधारण सभा को सफल बनाया। मैं विश्वास दिलाता हूॅ कि आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में अपमा द्वारा इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह करने में सफल रहुंगा। राष्ट्रगान के पश्चात सभा समाप्ति की घोषणा कर दी गयी। प्रधान जी ने सभी पूर्व प्रधानों, चुनाव आयुक्त, सदस्यों एवं अतिथियों से अनुरोध किया कि जलपान करके जरूर जाये।

**(आर.के. गुप्ता)**
**प्रधान**